हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025
[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



## खबर संक्षेप

### अनसर काल 25 जून तक, भगवान जगन्नाथ का दर्शन रहेगा वर्जित

**जगदलपुर।** चंदन जात्रा पूजा विधान के पश्चात भगवान श्रीजगन्नाथ 15 दिवसीय अनसर काल की अवधि में अस्वस्थ होते हैं , इस दौरान दर्शन वर्जित हैं । भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी का श्रीमंदिर में इन दिनों अनसर काल 25 जून तक रहेगा। भगवान श्रीजगन्नाथ के स्वास्थ्य लाभ के लिए औषधियुक्त भोग का अर्पण 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सेवादारों एवं पंडितों द्वारा किया जा रहा है । औषधियुक्त भोग के अर्पण के पश्चात इसे श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है । विशेष औषधियुक्त प्रसाद का पुण्य लाभ श्रद्धालु अनसर काल के दौरान श्रीजगन्नाथ मंदिर में पहुंचकर प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन दर्शन वर्जित होगा। समाज के वरिष्ठ सदस्य विवेक पांडे ने बताया कि अस्वस्थ होने पर भगवान श्रीजगन्नाथ अस्त-व्यस्त अवस्था मे रहते हैं, ऐसी अवस्था में जगत के पालनकर्ता के दर्शन को शास्त्रों व पौराणिक मान्यताओं के अनुसार दोषपूर्ण माना गया है ।

### नगरनार में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन आज

**जगदलपुर।** नगरनार स्टील प्लांट में प्रस्तावित साक्षात्कार को रायपुर के महंगे और दूरस्थ रिसोर्ट में करने के निर्णय के विरोध में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा द्वारा पूर्व में ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया था। उसमें मांग की गई थी कि साक्षात्कार को स्थानीय युवाओं की सुविधा, न्याय और पारदर्शिता के हित में नगरनार परिसर में ही किया जाए। इस मांग को लेकर धरना प्रदर्शन नगरनार स्टील प्लांट के गेट के बाहर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद ने सभी बेरोजगार युवाओं को उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### टमाटर 25 रुपए तो करेला 80 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में स्थानीय टमाटर की आवक नहीं और बेंगलुरू से एक दिन में लगभग 5 ट्रक टमाटर शहर में पहुंच रहा है। इसके चलते रविवार को टमाटर 25-30 रुपए किलो में बिका। बाजार में करेला 80, फूलगोभी 80, पत्तागोभी 20, भिंडी 80, आलू 18, प्याज 22, अदरक 18, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### पंच कुंडीय रुद्र चंडी महायज्ञ 27 से

**जगदलपुर।** मां छिंदवाली श्री महाकाली सेवा समिति के तत्वावधान में 7 दिवसीय पंच कुंडीय रूद्र चंडी महायज्ञ 27 जून से 3 जुलाई तक मोतीतालाब पारा स्थित मंदिर परिसर में होगा।

## पेज 13 के शेष

### राज्य से जिले...

नहीं आ रहा है। जानकारी के अनुसार पाठ्य पुस्तक निगम के द्वारा कागज खरीदी में निविदा को लेकर आई दिक्कतों के कारण देरी से कागज खरीदी हो पाया और उसके बाद प्रकाशन के लिए प्रिंटर को कागज दिया गया। प्रिंटर के द्वारा किताबों का प्रकाशन किया जा रहा है, किताबें जैसे मिलते जा रही है, उसी के अनुसार किताबों का वितरण किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ अहिर ...

अशोक यादव, योगेश यादव, संजय यादव, रवि यादव, हिन्छाराम यादव, बालाराम यादव, आजुराम यादव, निर्मल डोमाहरा, सुरज मरकाटोला, प्रकाश यादव, रामरतन यादव, देवचंद यादव, लोकेश, डोमन, कविता यादव, कोकिला यादव, अनसुईया यादव, उर्मिला यादव, संतोष यादव, मानस, राहुल, तेजेश्वर यादव, रानू यादव, नमेश यादव, उमेश यादव, प्रमोद यादव, तीहारू यादव, राजकुमार यादव, मन्नू यादव, कोंडागांव व कांकेर जिले के आश्रित सभी ग्रामों व क्षेत्रों से यादव मातृशक्ति व बुजुर्ग, युवा साथी उपस्थित रहे।

### एडीईओ बनने...

सेकेंडरी स्कूल में एक युवक मूल आधार कार्ड लेकर नहीं पहुंचा। मोबाईल में आधार कार्ड की फोटो थी, लेकिन उसे मान्य नहीं किया गया।

# कोको व पॉम ऑयल के पौधों का किया अवलोकन, कार्यप्रणाली प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ओडिशा राज्य के वाणिज्य एवं परिवहन मंत्री विभूति भूषण जेना ने शुक्रवार को कोंडागांव जिले के कोपाबेड़ा स्थित नारियल विकास बोर्ड द्वारा संचालित नारियल उद्यान का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नारियल उत्पादन, पौधारोपण, संरक्षण तथा विपणन से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बोर्ड द्वारा संचालित कार्यों को उदाहरण योग्य एवं प्रेरणादायक बताते हुए इसकी प्रशंसा की।

मंत्री श्री जेना ने नारियल के साथ–साथ वहां पर लगाए गए कोको और पॉम ऑयल के पौधों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इन फसलों की संभावनाओं, लाभ और बाजार उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों के माध्यम से स्थानीय कृषकों की आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है। इसके पहले आगमन पर मंत्री श्री जेना का सर्किट हाउस में आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में स्थानीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने प्रमुख भूमिका निभाई। मंत्री के साथ ओडिशा के नवरंगपुर विधायक गौरी शंकर मांझी भी उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, पार्षद ईना श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने अतिथियों का फूलमालाओं और गर्मजोशी के साथ स्वागत कर जिले में उनके आगमन पर हर्ष जताया।

**ओडिसा के मंत्री ने कोपाबेड़ा स्थित नारियल उद्यान का किया भ्रमण**



***अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय: विभूति***

*नारियल विकास बोर्ड स्थानीय किसानों को उन्नत खेती की ओर प्रेरित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। श्री जेना ने इसे खेती और उद्यमिता का अनूठा संगम बताते हुए अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय बताया।*

## समापन : किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक बताई गई

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन 80 स्थानों पर आयोजित किए गए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकसित भारत संकल्प यात्र के अंतर्गत विकसित कृषि संकल्प अभियान का जिले में सफल समापन हुआ। 29 मई से 12 जून तक चले इस अभियान के तहत रथ के माध्यम से गांव–गांव जाकर खरीफ फसल के लिए किसानों से संपर्क किया गया। इस दौरान 80 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से जिले के किसानों को कृषि के विभिन्न आयामों और शासकीय योजनाओं से अवगत कराया गया।

■ शासन की योजनाओं की भी दी गई जानकारी

कृषि विज्ञान केंद्र कोंडागांव, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य विभागों के सहयोग से चलाए गए। इस अभियान में तीन मार्ग बनाकर गांव–गांव में उन्नत खेती, जैविक खेती, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रमुखता से नई तकनीक के प्रसार के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रोन, स्मार्ट खेती और सिंचाई के उन्नत तरीकों की जानकारी दी गई। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, आत्मनिर्भर कृषि अभियान जैसी सरकारी योजनाओं से जोड़ने और स्थानीय समस्याओं के समाधान पर भी जोर दिया गया।



अभियान का उद्देश्य किसानों की आय दोगुनी करना और समावेशी व सतत कृषि विकास सुनिश्चित करना है। यह अभियान किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ–साथ आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उत्पादकता बढ़ाने, लागत घटाने और पर्यावरण संरक्षण में मदद करता है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओम प्रकाश ने जलवायु परिवर्तन, टिकाऊ कृषि, मृदा स्वास्थ्य सुधार और जैविक उत्पादों पर प्रकाश डाला।

***समेकित खेती और पशु रोगों के निदान के बारे में बताया***

*उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कुमार मरकाम ने फसल विविधीकरण, जैविक खेती और वैज्ञानिक फसल योजना के महत्व को रेखांकित किया। पशुपालन विशेषज्ञ डॉ. हितेश कुमार मिश्रा ने समेकित खेती और पशु रोगों के निदान पर जानकारी दी। दिनेश सिन्हा ने पौधों में रोगों के लक्षण और सरकारी योजनाओं की सरल भाषा में जानकारी दी। किसानों को तकनीकी बुलेटिन, पंपलेट और सब्जी के उन्नत बीज भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में कृषि, पशु चिकित्सा और मत्स्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।*

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शुक्रवार को कोंडागांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रवर्तन निदेशालय ईडी की कार्रवाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से रैली की शक्ल में बस स्टैंड पहुंचे, जहाँ भाजपा और ईडी का पुतला दहन कर विरोध जताया गया। प्रदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किया गया।

■ कांग्रेसियों ने रेड का पुतला दहन

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सुकमा जिले में कांग्रेस के राजीव भवन को सील करना ईडी की राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कार्रवाई है, जो भाजपा के इशारे पर की गई है। उन्होंने इसे लोकतंत्र का गला घोंटने वाला कदम बताया। प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी की गई। जिला कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की कार्रवाई नहीं रुकी तो पार्टी और उग्र आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह सिर्फ शुरुआत है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष हर स्तर पर जारी रहेगा।

**ये हुए शामिल**–प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष झूमुक दीवान, महामंत्री गीतेश गांधी व रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कपिल चोपड़ा, बाबा खान, हीरा दीवान, महिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष हेमा देवांगन सहित अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में शामिल रहे।

# अहमदाबाद विमान हादसे के दिवंगतों को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कांग्रेस भवन में अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया।

■ कांग्रेस भवन में हुई श्रद्धांजलि सभा

कार्यक्रम में कांग्रेसजन बड़ी संख्या में शामिल हुए और मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। यह श्रद्धांजलि सभा पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ आयोजित की गई। शोकसभा में झुमुक दीवान, महामंत्री गीतेश गांधी व रितेश पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, कपिल चोपड़ा, बाबा खान, हीरा दीवान, महिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष हेमा देवांगन सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना जिले में 40 स्थानों पर लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत 16 से 30 जून तक जिले के सभी विकासखंडों में कुल 40 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति और निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान योजना, जनधन खाता, बीमा और पेंशन योजनाओं के साथ–साथ रोजगार और आजीविका मिशन, महिला–बाल कल्याण और टीकाकरण जैसी योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों को दिया जाएगा।




### इन जगहों पर लगेंगे शिविर

16 जून कोंडागांव विकासखंड बुनागांव, बड़े राजपुर कोंगेरा, बड़ बत्तर केशकाल करमरी, माकड़ी मारागांव। 17 जून बड़े राजपुर कोसमी, कोपरा, फरसगांव जनपद मुख्यालय। 18 जून कोंडागांव बफना, बड़े राजपुर पेंड्रावन, फरसगांव कबोंगा, केशकाल धनोरा, माकड़ी उलेरा। 9 से 30 जून के दौरान भी जिले भर के विभिन्न ग्रामों में क्रमशः शिविर आयोजित होंगे। इनमें प्रमुख रूप से सलना, बड़े बेंदरी, बांसकोट, कुल्हाड़गांव, बीजापुर, टेवंसा, आलोर, बनियागांव, बड़े डोंगर, बटराली, माकड़ी, खजरावंड, लिहागांव, चिंगनार, उन्दरी, राकसबेड़ा, अड़ेंगा, बालोंड, गोलावंड, गम्हरी, कोनगुड़ बेड़मा, मटवाल, जामगांव और पीपरा शामिल हैं।

# सुंदर, व्यवस्थित और पर्यटन-व्यापार में कोंडागांव को अग्रणी शहर बनाएंगे: उसेंडी

**कोण्डागांव।** स्थानीय विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कहा है कि कोंडागांव को सुंदर, व्यवस्थित, स्वच्छ और पर्यटन–व्यापार के लिए सक्षम शहर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। इस दिशा में वे लगातार बैठकें लेकर काम की निगरानी कर रही हैं।



फॉरेस्ट विश्राम गृह में आज सुश्री लता उसेंडी की अध्यक्षता में नगर विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शहर को सुनियोजित और व्यवस्थित रूप देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में नहर पारा तालाब और बंधा तालाब गार्डन का सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। इन दोनों स्थानों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और शहर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में नगर के सभी वार्डों की समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई, जिनमें मुख्य रूप से सड़क मरम्मत, नाली एवं पानी की निकासी व्यवस्था, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया। विधायक लता उसेंडी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास के कार्यों में कोई भी लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल काम करना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और जनहितैषी विकास करना है। बैठक के अंत में सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और जनता के सहयोग से कोंडागांव को एक आदर्श नगरी के रूप में स्थापित किया जाएगा, जहां व्यापार, पर्यटन और जीवन स्तर सब कुछ ऊंचाई पर होगा।

**नगर पालिका और प्रशासनिक अमला भी हुआ शामिल** – बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, दिपेश अरोरा, जितेंद्र सुराना, कुलवंत चहल सहित सीएमओ एसडीओ इंजीनियर और टाउन प्लानर शामिल हुए। सभी ने शहर के चहूंमुखी विकास के लिए साझा रणनीति पर कार्य करने की बात कही।

## मानस गान के माध्यम से जनजागरुकता फैलाना उद्देश्य

# बफना में हुआ तुलसी मानस प्रतिष्ठान का जिला स्तरीय सम्मेलन, गांव-गांव पहुंचेगा रामायण संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

तुलसी मानस प्रतिष्ठान की जिला स्तरीय बैठक कोंडागांव जिले के बफना में आयोजित हुई। बैठक में जिले भर से आए मानस प्रेमियों ने भाग लिया और संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष गुप्तेश्वर बघेल ने जानकारी दी कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान एक राज्यस्तरीय सांस्कृतिक संगठन है, जिसके संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में बालोद जिले के गुंडरदेही में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला इकाई से प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। इस विषय पर सदस्यों से सुझाव लिए गए और यात्र की रूपरेखा पर चर्चा हुई। संगठन के मुख्य उद्देश्य रामचरितमानस के माध्यम से सामाजिक जागरूकता – को लेकर विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि जिले के विभिन्न गाँवों में मानस मंडलियाँ जाकर मानस पाठ, भजन, और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सद्भाव, नैतिकता और भारतीय संस्कृति का प्रचार–प्रसार करेंगे। सभा के अंत में यह संकल्प लिया गया कि तुलसी मानस प्रतिष्ठान धार्मिक भावनाओं के साथ–साथ सामाजिक समरसता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिलाध्यक्ष गुप्तेश्वर बघेल सहित प्रमुख उपस्थितजनों में बलराम बडबसिया, गिरधर पांडे, जितेंद्र सिन्हा, जीवन पांडे, राजेश नेताम, जोहन लाल जैन, हरीलाल बैध, डमरुधर बघेल, रासबिहारी साहू, पुरुषोत्तम नाय, सिकंदर प्रधान, केशवराम कश्यप, राजेश गन्धर्व, मोतीलाल राठौर, राजेश पोया जे आर नाग, लक्ष्मीनाथ नाग, चिराग उपाध्याय, चंद्रप्रकाश कुलदीप, प्रकाश नाग, सैदूराम यादव, किशोर शार्दुल, मोहन यादव सहित बड़ी संख्या में मानसप्रेमी उपस्थित रहे।

# 4 अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर पकड़ाए, भेजे गए जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग की टीम ने शनिवार की रात को घेराबंदी कर सीमावर्ती राज्य ओडिशा के अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर को धर दबोचा। चार लोगों के पास से 50 हजार की ईमारती लकड़ी बरामद की गई है। वन मंत्री केदार कश्यप के सख्त निर्देशों के बाद वन विभाग द्वारा लगातार वन अपराध में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के निर्देश पर एसडीओ देवलाल दुग्गा एवं परिक्षेत्र अधिकारी सूर्यप्रकाश ध्रुव के नेतृत्व में अधिकारी- कर्मचारियों ने कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के माचकोट वन परिक्षेत्र में मुखबिर सूचना पर टीम ने रात में ही घेराबंदी कर सरहदी इलाकों में पता तलाशी की गई। इसी दौरान छत्तीसगढ़ इलाके में ओडिसा राज्य के 4 व्यक्तियों को रोककर पूछताछ किया गया और उनके कब्जे से ईमारती लकड़ी बीजा के 2 नग 0.272 घनमीटर काष्ठ बरामद किया। दस्तावेज में पुराने रिकार्ड से मिलान करने पर चारों व्यक्तियों का पूर्व में भी वन अपराध में लिप्त होना पाए गया। साथ ही चारों पर अवैध कटाई एवं परिवहन का अपराध पंजीबध्द किया गया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 16 जून 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 विद्यार्थियों के शैक्षणिक गुणवत्ता में हुआ



14 मावली माता मंदिर में तुलसी चौरा स्थापित कर की...



## खबर संक्षेप

### सनातन समाज भानुप्रतापपुर ने युवा प्रभाग का किया गठन

**भानुप्रतापपुर।** सनातन समाज परिक्षेत्र भानुप्रतापपुर की बैठक में अहम मुद्दो पर चर्चा कर युवा प्रभाग का गठन किया गया। सामाजिक विषयों पर चर्चा कर सनातन युवा प्रभाग का गठन व कार्य विभाजन कर नव दायित्ववान कार्यकर्ताओं कार्य सौपा गया। संगठन प्रभारी विशाल आहूजा, अध्यक्ष गौरव नशीने, उपाध्यक्ष सागर, आदित्य गोलानी राहुल वैष्णव, धीरज ठाकुर, सचिव अंकुर शुक्ला, साहसचिव गौरव शर्मा, रोशन मिश्रा, मीडिया प्रभारी अभिषेक ठाकुर, सौरव पारख, युवा प्रभाग का कार्यक्षेत्र गौ सेवा विधर्मी प्रवासी पर कड़ी नजर व कार्यवाही, धर्मांतरण, लव जिहाद रोकने का दायित्व सौपा गया।

### मानसून से पहले भीषण गर्मी से लोग हुए परेशान

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ में तय समय से 16 दिन पहले मानसून का प्रवेश हो गया था, लेकिन अब तक वह दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में ही मानसून अटका हुआ है। हालांकि मौसम विभाग प्रदेश में मानसून को आगे बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बनने की संभावना बता रही है। उससे पहले उत्तर छत्तीसगढ़ में और उमस से लोग काफी परेशान है। क्षेत्र में तेज धूप और उमस से परेशान है और आसमान में बादल छाए होने से तापमान में गिरावट तो है मगर उमस गर्मी से काफी परेशान है और अंचल में मानसून की प्रतीक्षा में बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

### नाला के पास मिला अज्ञात महिला का शव

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत बैहासलेभाट नाला के पास अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने बताया कि 13 जून को ग्रामीणो से जानकारी मिला कि बैहासालेभाट नाला के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। फिलहाल महिला का शिनख्त नही हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अब स्कूलों में नहीं चलाई जा सकेंगी 12 साल पुरानी बसें

**जगदलपुर।** स्कूल शुरू होने से पहले परिवहन विभाग यहां संचालित बसों को लेकर सख्त हो गया है। जांच की तरह यह भी देखा जा रहा है कि स्कूल बसें 12 साल से अधिक पुरानी तो नहीं हैं, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर इन बसों के परिचालन पर प्रतिबंध है।

जांच में ऐसी बसें पकड़ में आती हैं तो उन्हें जब्त करने के साथ संबंधित संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके चलते आरटीओ ने शनिवार को स्कूल बसों को जांच के लिए बुलाया गया, लेकिन 130 में से सिर्फ 41 स्कूल बसें की पहुंच सकी। स्कूल प्रबंधन को दोबारा नोटिस दिया जा रहा है, उसके बाद यदि स्कूल बसें जांच में नहीं पहुंचे तो आरटीओ की टीम स्कूल परिसर एवं सड़क में चल रही स्कूल बसों पर कार्रवाई करेंगे। साथ 12 साल पुराने स्कूल बस मिलने पर जप्त कर संबंधित स्कूल प्रबंधकों पर कार्रवाई की जाएगी।

### बस्तर में सड़क निर्माण कार्य में मानसून बन रहा बाधा, 325 किमी का काम अटका

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सातों जिलों के एक अरब की लागत के सड़क, पुल एवं भवन के निर्माण कार्य बारिश के चलते रूक गया है। बताया जा रहा है कि निर्माण कार्य में लगे मजदूर पलायन कर ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी में जुट गए हैं। इसके चलते संबंधित निर्माण कार्यों के ठेकेदार मजदूर नहीं मिलने से परेशान हैं। सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आरआरपी-2, एलडब्ल्यूई योजना से 107 सड़क एवं पुल-पुलियों का निर्माणाधीन है।

## लापरवाही : स्कूल खुलने के पहले दिन किताबें नहीं मिलने पर छात्र होंगे मायूस

# राज्य से जिले में नहीं पहुंच पाई पहली से आठवीं तक के छात्रों के लिए किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- स्क्रीनिंग के बिना नहीं बंटेगी किताबें, राज्य की टीम की लापरवाही उजागर

पहली से आठवीं तक के बच्चों में ही स्कूल प्रवेशोत्सव को लेकर उत्साह रहता है, परंतु स्कूल खुलने के पहले दिन जो यूनीफार्म और किताबें देकर टीका लगाकर स्कूल प्रवेशोत्सव करवाया जाएगा, वो किताबों के बिना फीका फीका ही रहेगा। छग पाठ्य पुस्तक निगम की लापरवाही के कारण स्कूल के प्रवेशोत्सव के पहले दिन छात्रों को किताबें नहीं मिल पाएंगी। जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में सात विकासखंड कांकेर, नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में 230 संकुल केंद्र है, जिसमें से केवल कांकेर विकासखंड के लगभग 10 संकुल केंद्रो में 15 जुलाई को दोपहर के बाद पहली से आठवीं की किताबे पहुँची, वहीं अन्य 6 विकासखंड के एक भी संकुल केंद्र में स्कूल खुलने के एक दिन पहले तक किताबें नहीं पहुँच पाई। इन ईलाकों के संकुल प्रभारियों का कहना है कि तीन दिनों से किताब आने की जानकारी आ रही थी, परंतु अभी तक किताबें नही आई है। किताबें कब तक आएगी, इसकी सही जानकारी कोई नहीं बता पा रहा है। 16 जून से स्कूल खुलने और पढ़ाई करवाए जाने की बात हो रही थी, बिना किताबों के पढ़ाई संभव नहीं दिख रही है। शिक्षकों का कहना है कि स्कूल प्रवेशोत्सव ऐसे में कैसे मनेगा। यूनीफार्म की एक सेट विद्यालयों में पहुँच चुका है। बच्चों को मुँह मीठा कराकर केवल यूनीफार्म का एक सेट मिलेगा, वहीं किताबें नहीं मिल पाएंगी। बच्चे विद्यालय तो आएंगे, परंतु बिना किताबों के पढ़ाई भी नहीं हो पाएगी। ऐसे में स्कूल खोलने का कोई औचित्य नजर ▶▶|शेष पेज 12 पर





### स्क्रीनिंग के बाद ही वितरण होगी किताबें

संकुल प्रभारियों का कहना है कि किताबों की स्क्रीनिंग किया जाएगा और विद्यालय के अनुसार किताबों का वितरण किया जाएगा। जिले के कांकेर विकासखंड के केवल 10 संकुल केंद्रो में 15 जून को सायं 6 बजे तक किताबें पहुँची थी, इन केंद्रो में स्क्रीनिंग किताबों का किया जा रहा है, परंतु रविवार होने के कारण कई स्कूल के शिक्षक नहीं पहुंचे, जिसके कारण किताबें की स्क्रीनिंग नहीं हो पाई, यहाँ के संकुल प्रभारियों का कहना है कि 16 जून को स्क्रीनिंग करके छात्रों को किताबों का वितरण किया जाएगा।

### गड़बड़ी को रोकने का किया जा रहा प्रयास

पाठ्य पुस्तक निगम से जुड़े जिम्मेदारों का कहना है कि किताबों को कबाड़ी को बेचने से रोकने के लिए ही स्क्रीनिंग सिस्टम लागू किया गया है, जिससे यह पता चल सकेगा कि किस विद्यालय की किताबें कबाड़ी के पास पहुँची है। इस बार ऐसा प्रयोग पहली बार किया गया है। किताबों की छपाई में भी पारदर्शिता रखने का प्रयास किया गया है।

### पाठ्य पुस्तक निगम में देरी की लापरवाही उजागर

छग पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय से इस विषय पर कांकेर हरिभूमि ने बात किया, उन्होने बताया कि मेरे कार्यभार संभालने के उपरांत कार्य में गति लाने का प्रयास किया गया है। कागज को खरीदने में देरी होने के कारण ही प्रिंटिंग कार्य प्रभावित हुआ है, जिसके चलते ऐसी परिस्थितियाएं बनी है। किताबें बच्चों को जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने का प्रयास जारी है।

## रविवार की देर शाम बिजली की गड़गड़ाहट के साथ हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- उमस से नहीं मिली राहत

रविवार को देर शाम लगभग साढ़े 6 बजे के आसपास बिजली की तेज गड़गड़ाहट से ऐसा लगा कि झमाझम बारिश होगी, परंतु ऐसा नहीं हुई, बूंदाबांदी ही केवल हुई। इसके चलते फिर से उमस से राहत नहीं मिली, जबकि उमस बढ़ गई। छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में मौसम विभाग ने बारिश का अनुमान लगाया है।

धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव और महासमुंद जिले में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। बस्तर संभाग के जिलों में तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग लगातार ऐसी संभावजना जता रहा है, परंतु बारिश जैसी होने की संभावना जताई जा रही थी, वैसी बारिश कांकेर शहर में नहीं हुई। मौसम विभाग का अनुमान कांकेर शहर में साबित होते हुए नहीं दिख रहा है। देर शाम को हुई बूंदाबांदी से लोगों को राहत नहीं मिला है, उमस और ज्यादा बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार 16 जून को मौसम बदला सकता है। बदले मौसम का असर पूरे जिले में देखने को मिलेगा। वहीं अगले 2 दिनों तक दिन का तापमान स्थिर रहेगा। उसके बाद 2 से 3 डिग्री गिरावट होगी। मौसम विभाग का यह अनुमान सही साबित होता है या इसके पहले जैसा अनुमान रहेगा, कल ही पता चल सकेगा।

रविवार 15 जून को दोपहर 2 बजें मध्यम बारिश हुई। बारिश ने उमस को काफी बढ़ा दिया। लोगो को जीना दुभर हो गया था। शाम होते ही ठंडी हवा और बारिश ने उमस से हल्की राहत दिलाई। बूंदाबांदी रूकने के बाद फिर से उमस बढ़ने की संभावना दिख रही है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले 24 घंटो में जिले के कई इलाके में बारिश हो सकती है।

## छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज की नियमावली का किया गया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज के नियमावली का विमोचन पुराने कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया गया। भगवान श्री कृष्ण की आरती के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बुजुर्गो व अतिथियों के द्वारा समाजिक नियमावली पुस्तक का विमोचन किया गया एवं विमोचन के बाद समाजिक विचारों पर चर्चा किया गया।

छत्तीसगढ़ अहिर कोसरिया यादव समाज के संभागीय अध्यक्ष सरिता यादव ने कहा कि समाज में महिलाओं को उचित स्थान मिले, समाज में शिक्षा को बढ़ावा दे और सभी शिक्षित हो इस पर जोर दे। रामरतन यादव ने कहा कि समाज एक रूपता के साथ चले। कांकेर के जिलाध्यक्ष गिरधर यादव ने कहा कि हम सभी समाज वर्ग का सम्मान करते हुए नियमावली पुस्तक का विमोचन कर रहे है, जहाँ सभी के साथ मिलकर समाज को एक एक दिशा देने कि पहल कर रहे है। नियमावली संभाग, जिला, गांव व वार्ड के हर घर तक नियमावली पहुंचे सभी को समाजिक संस्कृति, संस्कार, परिवेश की जानकारी हो। धमतरी जिलाध्यक्ष जोहन लाल यादव ने कहा कि समाज में राजनितिक भागीदारी होनी चाहिए, जिससे समाज को राजनैतिक लाभ मिल सके। महासचिव दयालु यादव ने कहा कि इस नियमावली विमोचन पर आप सभी से अनुरोध है कि नियमावली कंडिका के अनुच्छेद का पालन करते हुए कम से कम अपने बच्चों को 12 वीं तक जरूर पढ़ायें और बच्चों को स्किल के अनुसार जरूर प्रोत्साहित करे। समाजिक कुरूतियो को त्यागें पर आधुनिकता की दौड़ में अपनी परम्परा संस्कृतियों को न भूलें और जितना हो सके पंगत पर भोजन कराए एवं डीजे जैसे साउण्ड से परहेज़ करें। आयोजित बैठक में फूलचंद यादव, रमा यादव, मधु यादव, ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अस्पताल पहुंचने से पहले हुई महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 97 निवासी 31 वर्षीय विनता साहा का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण इलाज के लिए पीएचसी बांदे लेकर गए थे। चिकित्सक ने परीक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। मौत के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अस्पताल में युवक ने तोड़ा दम, जांच जारी

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कच्चे चौकी निवासी 30 वर्षीय गोविंद राम रावटे का इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का 13 जून को सुबह साढ़े 10 बजें मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## तेंदुआ ने दो मवेशियों को बनाया शिकार, बछड़े को भी उठाकर ले गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



- मवेशियों के हमले के बाद गाँव में बना हुआ है दहशत का माहौल

विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के बाँसला में तेंदुआ लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। 15 जून रविवार को तेंदुआ ने गांव के एक गाय को शिकार बना डाला। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग और पुलिस को दिया है। इस घटना के बाद से गाँव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

तेंदुआ के हमले से मौत के आगोश में समाने वाले गाय की जानकारी मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुँचा। वन विभाग के अमले ने पुष्टि किया कि तेंदुआ के हमले से गाय की जान गई है। गाय के गला और पीछे के हिस्से पर चोट पहुँचाया है। गाय का शव जहाँ पर मिला, उसी के आसपास तेंदुआ के पैर के निशान भी मिले है। तेंदुआ के इस हमले के बाद बांसला गाँव में दहशत का माहौल बना हुआ है। गाय के पीएम के लिए वन विभाग ने पशु विभाग को जानकारी दिया।

पशु विभाग के चिकित्सकों ने पहुँचकर गाय का पीएम किया। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले 11 जून को भी तेंदुआ अमृत तिरसुनिया के बछड़े को भी उठाकर ले गया था। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ लगातार दो साल से मवेशियों और गांव के कुत्तों को अपना शिकार बना रहा है। बाँसला के रोहित जैन ने बताया कि बाँसला का गांव पहाड़ी से लगा हुआ है औ इस कारण इलाके में तेंदुआ की मौजूदगी है, जिससे डर भी बना रहता है और कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वन विभाग को इस क्षेत्र का सर्वे करके प्रभावित गांव में मुनादी करवाना चाहिए।

तेंदुआ अभी जानवरों को शिकार बना रहा है, यह कभी भी दुधावा की तरह इंसानों पर भी हमला बोल सकता है। विभाग को कैमरे लगाकर ऐसे तेंदुआ का चिन्हांकन करना चाहिए, नहीं तो कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।

## बच्चों को जहर पिलाने वाले पिता और माँ की हालत में आया सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पीव्ही 70 में अपने तीनों बच्चो, पत्नी और स्वंय की हत्या करने के दृष्टिकोण से कोल्डड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार आया है। पत्नी के स्वास्थ्य में भी सुधार आया है। चिकित्सकों की मानें तो दोनो खतरे के बाहर है। शासकीय अस्पताल पखांजुर में ईलाज कर रहे चिकित्सकों की मानें कि वर्तमान में दोनो की हालत खतरे से बाहर है। हालत में सुधार आने के बाद घटना कैसे हुई, उसकी पतासाजी पुलिस करेगी। पुलिस भी उनके स्वस्थ्य होने पर नजर बनाए हुए है। पितृ दिवस के एक दिन पहले पीव्ही 70 में हुई घटना ने पूरे जिले को हिला दिया था। खबर फैलते ही पूरी घटना के बारे में जानने के लिए सुबह से फोन की घंटिया बजने लगी थी। पुलिस भी सुबह सुबह 6 बजे आला अफसर घटनास्थल पर पहुँच गए थे। हदय विदारक घटना ने सभी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था कि एक पिता ऐसा भी कृत्य कर सकता है। परिवार में किस तरह का विवाद था और क्या स्थिति थी, अभी तक पुलिस को पता नहीं चल सका है। पुलिस का यही प्रयास है कि दोनो की जान बचा ली जाएं। पड़ोसियों को चिल्लाने की आवाज सुनाई देने पर दोनो को तत्काल ईलाज के लिए भर्ती करा दिया, जिससे उनके जान बचने की संभावना बन गई है।



कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाया तीन बच्चों की मौत, गर्भवती पत्नी गंभीर

पखांजुर पुलिस का यहीं कहना है कि अभी उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है। तीनों बच्चों का पीएम करवाकर पहले ही उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया था। विवाद किस तरह का था, उसकी विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। रिश्तेदारों से कुछ कुछ जानकारी मिली है। इसके अलावा गाँव वालों से भी पहले हुई बैठकों के बारे में भी जानकारी जुटाई गई है।

## जिले के 41 परीक्षा में केंद्र में साढ़े 7 हजार परीक्षार्थी हुए शामिल

# एडीईओ बनने वालों को पंचायत संबंधित प्रश्नों ने जमकर छकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। परीक्षा दिलाने दूरस्थ जगह से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को एक से दो मिनट विलंब होने पर भी परीक्षा केंद्र के अंदर जाने अनुमति नहीं मिली। परीक्षा में माईनस मार्किंग का प्रावधान होने से परीक्षार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पंचायत से संबंधित प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को छकाया। जानकारी के अनुसार रविवार 15 जून को सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। शहर के साथ गांव में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया। परीक्षा के लिए जिले में पंजीकृत 10 हजार 67 परीक्षार्थी थे। इनमें से परीक्षा दिलाने 7 हजार 732 परीक्षार्थी शामिल हुए। 2 हजार 335 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति थी। इसके बाद परीक्षा केंद्र में जाने अनुमति नहीं थी। कई परीक्षार्थी एक से दो मिनट से देरी से पहुँचने पर प्रवेश नहीं दिया गया। आधार कार्ड नहीं लाने वालों को भी प्रवेश नहीं दिया गया। चारामा से पहुंची ज्योति गोटी ने कहा 10 बजकर 2 मिनट पर पीजी कालेज परीक्षा केंद्र पहुंची, लेकिन प्रवेश नहीं मिला। केशकाल से पहुंची ईश्वरी सलाम ने कहा पीजी कालेज परीक्षा केंद्र सिर्फ एक मिनट विलंब से पहुंची, काफी निवेदन के बाद भी अनुमति नहीं मिली। एक परीक्षार्थी जल्दबाजी में आधार कार्ड लाना भूल गई थी, वापिस आधार कार्ड घर से लेकर पहुंची तो विलंब हो गया और परीक्षा नहीं दिला पाई। लट्टीपारा कन्या हायर ▶▶|शेष पेज 12 पर

### पंचायती राज से पूछे गए सवाल

परीक्षा में 100 नंबर के 100 प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रश्न एक नंबर का था। परीक्षा में पंचायती राज, सामान्य ज्ञान, ग्रामीण विकास, सामान्य हिंदी के प्रश्न पूछे गए। माइनस मार्किंग होने के कारण उन्ही प्रश्नों का हल किया गया, जिसमें 100 प्रतिशत मालूम था। भानुप्रतापपुर के जितेंद्र उइके, ठेलकाबोड़ की रेणुका पोटाई, बासनवाही के भूपेंद्र ओटी, चारामा के किशन ध्रुवा व शालनी पोया ने कहा काफी रोचक प्रश्न पूछे गए। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की स्थापना कब हुई? पंचायतो की अंकेक्षण व्यवस्था किस प्रकार की जाती है? पंचायती राज व्यवस्था में किस पद हेतु सीधा चुनाव होता है? सरपंच अपना त्याग पत्र किसको सौंपता है? डा वर्गीज कुरियन का संबध किससे है? छत्तीसगढ़ राज्य की सीमाएं कितने राज्यों की सीमाओ से लगती है? मड़वा ताप विधुत स्टेशन छत्तीसगढ़ के किस जिले में स्थित है? छत्तीसगढ़ की जलवायु कैसी है? संतान की लंबी आयु उम्र और सुख समृद्धि की कामना से कौन सा लोकपर्व छत्तीसगढ़ में प्रचलित है?

## सिलिको मैगनीज निकाल ट्रक में बनाई विशेष टंकी में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सिलिको मैगनीज निकाल कर ट्रक में बनाई विशेष टंकी में पानी भरकर गबन करने वाले ड्राइवर व हेल्पर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अंगद चतुवेर्दी बेरी कंपनी विजयनगरम द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ट्रक क्रमांक ओडी 05 एई 2905 के चालक सुदीप कुमार ओझा एवं हेल्पर रुद्र नारायण धल द्वारा बेईमानीपूर्वक ट्रक के केबिन पीछे बने स्ट्रक्चर पानी टंकी बनाकर पानी के निकासी के लिए नोजल बनाकर टंकी में पानी भरकर बेली एलॉय कंपनी के सिलिकॉन मैगनीज 2010 किलोग्राम कीमत 1 लाख 47 हजार रुपए को एनएमडीसी कंपनी नगरनार ना पहुंचाकर रास्ते में खाली कर लिया। इसके बाद माल के बराबर ट्रक में बनी पानी टंकी में पानी भरकर धोखाधड़ीपूर्वक गबन करने की रिपोर्ट नगरनार थाना में की गई। अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। फरार वाहन चालक एवं हेल्पर की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सन्हि‍ा अतिरक्ति पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के दिशा नर्दिेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया।

## खबर संक्षेप

### नियद नेल्लानार क्षेत्रों में होगा सुविधा शिविर का आयोजन

**सुकमा।** नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किये जाने हेतु सुविधा शिविर एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा एसडीएम कोन्टा को नोडल अधिकारी एवं जनपद सीईओ कोन्टा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर में विभागीय योजनाओं के अनुरूप आवश्यक व्यवस्था संबंधित विभाग प्रमुख को करने निर्देशित किया गया है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत कुंदेड़ में 16, 17 और 18 जून को आयोजित तीन दिवसीय शिविर में कुंदेड़, गोन्दपल्ली उरसांगल और तोलेवर्ती पंचायत के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत केरलापेंदा में 20, 21 और 22 जून को आयोजित शिविर में केरलापाल, लखापाल, नागारास, तोकनपल्ली, छोटेगानगुलावा और तोंगपल्ली पंचायत के ग्रामीण ग्राम पंचायत चिंतलनार में 24, 25 और 26 जून को आयोजित तीनदिवसीय शिविर में चिंतलनार, पुलनपाड़, चिमली, कामाराम और अचकट पंचायत के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में उपस्थित होकर सभी शासकीय योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है।

### सिहावा के पहाड़ पर आराम फरमाते दिखा तेंदुआ

**नगरी।** सिहावा पहाड़ में एक तेंदुआ को तीन दिन पहले आराम करते देखा गया। यह नजारा देखने लोगों की भीड़ लग गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरगुड़ी ने बताया कि सिहावा क्षेत्र में तेंदुआ लगातार कई दिनों से विचरण कर रहा है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले तेंदुआ सोनामगर निवासी उत्तम साहू के घर में घुसा था। उसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। वन विभाग की टीम लगातार गांव में मुनादी के माध्यम से लोगों को सतर्क रहने की जानकारी दे रही है। शाम के समय घर से नहीं निकलने की हिदायत दे रही है। बच्चों को सुरक्षित रखने की बात कह रही है।

## आयोजन : नए शैक्षणिक सत्र की तैयारी, संकुल समन्वयकों- प्राचार्यों की बैठक

# विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में हुआ विकास एजुकेशन सिटी के रूप में मिलकर करेंगे विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

16 जून से प्रारंभ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 की अग्रिम तैयारी के लिए

- युक्तियुक्तकरण से विकासखंड के सभी शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षक शालाओं में शिक्षक

खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे व खंड स्त्रोत समन्वयक लतीप सोम ने विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयको एवं संकुल प्राचार्यों की बैठक लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए बीईओ एसपी कोसरे ने कहा कि गत शैक्षणिक सत्र में सभी के सहयोग एवं समन्वय से विकासखंड ने कई शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक गुणवत्ता में विकास किया। जिससे विकासखंड को एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा स्वयं कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा किया गया है। बैठक में बीईओ एसपी कोसरे ने कहा कि गत वर्ष की उपलब्धियों में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में 137 चयन के साथ राज्य में प्रथम स्थान, नवोदय विद्यालय



प्रवेश परीक्षा 20 विद्यार्थी चयन के साथ जिला में प्रथम स्थान, एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 84 चयन के साथ जिले में द्वितीय स्थान, पांचवी एवं आठवीं केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ जिला में प्रथम स्थान प्रमुख है। युक्तियुक्तकरण से विकासखंड के सभी शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षक शालाओं में भी पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था हो गई है, जिसके साथ ही आगामी सत्रों में हमसे आशाएं और अधिक है। नए सत्र में और अधिक मेहनत एवं निष्ठापूर्वक करना है। अब विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में अभिवृद्धि कर उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना है। तत्संबंधी उन्होंने शाला प्रारंभ होने के पूर्व शालाओं की साफ सफाई, सामग्रियों को व्यवस्थित करना, समय सारिणी 16 जून के पूर्व तैयार कर लेना। प्रथम दिवस प्रथम कालखंड से अध्यापन कार्य शुरू करने के लिए पाठ्य पुस्तक प्राप्त होते ही 24 घंटे के भीतर टीबीसी ऐप से स्कैनिंग कर विद्यार्थियों को वितरण करने, पांचवी एवं आठवीं की अंकसूची को फर्द एवं दाखिल पंजी से मिलान एवं त्रुटि होने पर चिन्हांकन कर सुधार के लिए आवेदन सहित बीआरसी कार्यालय में जमा करने, शाला प्रवेशोत्सव की आवश्यक तैयारी करने एवं पालको, एसएमसी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाने, एक पेड़ मां के नाम लगाने, नियमानुसार नए एसएमसी सदस्यों का गठन करने, पालक संपर्क कर विद्यार्थियों को जल्दी एडमिशन करवा शाला भेजने के लिए प्रोत्साहित करने, प्रथम दिवस से ही शिक्षक दैनंदिनी भरने, मरम्मत की आवश्यकता वाले किचन शेड की जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शराब सेवन कर विद्यालय आने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों की जानकारी बिना छुपाए तत्काल देने को कहा है।

### त्यागी विद्यार्थियों का सर्वे कर जोड़ें

बीआरसी लतीप सोम ने यूडाइस प्रोग्रेशन कार्य जल्द पूर्ण करने, मर्ज शालाओं को नियमानुसार एक प्रशासन एवं प्रबंधन में लगाने, अपार आईडी जनरेशन में प्रगति लाने, शाला संबंधित आवश्यक पंजियों का संधारण एवं सुरक्षित रखरखाव करने, आयु 6 से 18 वर्ष के शाला त्यागी विद्यार्थियों का सर्वे करने एवं पुनः शाला से जोड़ने आवश्यक प्रयास एवं प्रबंध करने, सभी सीएसी एवं प्राचार्यों को विद्यालयों का नियमित दौरा करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित विकासखंड के समस्त संकुल प्राचार्यों एवं समन्वयकों को शाला प्रारंभ होने से पूर्व अपने संकुल क्षेत्र अंतर्गत सभी शालाओं के संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों की बैठक रख सूचित करने के लिए निर्देशित किया गया।

# राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप में 5 स्वर्ण, 16 रजत और 14 कांस्य सहित 35 पदक मिले छत्तीसगढ़ को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



हरियाणा के रोहतक में हुए राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में छतीसगढ़ को 5 स्वर्ण, 16 रजत और 14 कांस्य सहित कुल 35 पदक मिले । प्रतियोगिता के अन्तिम दिन रायपुर की भार्गवी उइके ने राजस्थान के खिलाड़ी को परास्त कर छ ग को दूसरा स्वर्ण दिलाया। वही रायपुर के प्रवीण कृष्ण जायसवाल ने भी असम के खिलाड़ी को फाइनल में हराकर तीसरा स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जगदलपुर के युवराज ने बिहार के खिलाड़ी को फाइनल में नॉक आउट कर लगातार छठवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बन छत्तीसगढ़ को चौथा स्वर्ण दिलाया और वाए क्रू इवेन्ट में कांस्य पदक जीत कर दोहरी सफलता हासिल की। छत्तीसगढ़ को पांचवा स्वर्ण पदक दंतेवाड़ा खेल विभाग की कोच टिकेश्वरी साहू ने वाए क्रू इवेन्ट में मेघालय की खिलाड़ी को परास्त कर दिलाया। फाइनल में छत्तीसगढ़ के 16 खिलाड़ी स्वर्ण से चूके और रजत पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के पदकों की संख्या में बढ़ोतरी की। वही छत्तीसगढ़ के 14 खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंदियों से परास्त होकर फाइनल में नही पहुँच सके और कांस्य पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ के कुल पदकों की संख्या 35 पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ी, अधिकारी भाग लिए। कोच अब्दुल मोईम, नवीन कुमार के मार्गदर्शन में इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छ ग का 60 सदस्यीय दल भाग लिया था।

# 21 केन्द्रों में 6083 अभ्यर्थी ने दी परीक्षा

## व्यापमं की सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा रविवार को शहर के 21 परीक्षा केन्द्रों में सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। सुबह 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक आयोजित इस परीक्षा में पंजीकृत 8050 अभ्यर्थियों में से 6083 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं 1967 अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर मायानन्द चन्द्रा को नोडल अधिकारी और प्राचार्य पीजी कॉलेज जगदलपुर डॉ. अनिल श्रीवास्तव को समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक पीजी कॉलेज डॉ. अजय सिंह ठाकुर सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया था, जिनकी मॉनीटरिंग में परीक्षा का सफल संचालन किया गया। परीक्षा में शामिल होने के लिए 8050 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन इनमें से 6083 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हो पाए।

# मावली माता मंदिर में तुलसी चौरा स्थापित कर की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सिरहासार चौक स्थित प्राचीन मवाली माता मंदिर में तुलसी माता चौरा स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुकमा जमींदार परिवार से कुमार जयदेव और उनके छोटे भाई जगदलपुर विधायक किरण देव शामिल हुए और विधि विधान से पूजा अर्चना की। काफी समय से विभिन्न समाज प्रमुखों और मंदिर समिति के द्वारा मावली माता मंदिर प्रांगण में तुलसी माता चौरा की स्थापना की मांग की जा रही थी। जिस पर स्थानीय विधायक किरण देव ने लोगों की मांग के अनुरूप तुलसी चौरा निर्माण की स्वीकृति दी इसके बाद शनिवार को विधि विधान से मावली माता मंदिर प्रांगण में तुलसी चौरा की स्थापना की गई। माता मावली का यह मंदिर बस्तर में विशेष महत्व रखता है बस्तर दशहरा, होलिका दहन और बस्तर गोंचा पर्व के विभिन्न धार्मिक आयोजन मंदिर में किए जाते हैं।



# विधायक से पशु चिकित्सालय में सर्जन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर के पशु प्रेमियों और नागरिकों ने स्थानीय पशु चिकित्सालय में

- ज्वाइंट डायरेक्टर की निष्क्रियता पर पशु प्रेमियों ने जताई नाराजगी

व्याप्त अव्यवस्थाओं और सर्जरी कार्य हेतु सर्जन की अनुपलब्धता को लेकर चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि पशु चिकित्सा सेवाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं और समय पर उचित उपचार न मिलने के कारण पशुओं की असमय मृत्यु हो रही है। इस संबंध में कई बार जिला पशु चिकित्सालय एवं ज्वाइंट डायरेक्टर को शिकायत की गई, परंतु हर बार मामले को अनदेखा कर दिया गया। पशु प्रेमियों ने विधायक किरण देव से मुलाकात की। विधायक ने इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग से चर्चा कर नगर में योग्य पशु सर्जन की नियुक्ति एवं ज्वाइंट डायरेक्टर के विरुद्ध आवश्यक विभागीय कार्रवाई हेतु पहल करेंगे।

# द्रविड़ वास्तुशैली से बन रहा भव्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के गंगामुंडा में निर्माणाधीन गंगा कैलाशनाथ चतुर्मुख शिवालय परिसर में शनिवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के

- शिवालय में रोपे गये धार्मिक महत्त्व के पौधे

अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी और यहां मौजूद समाज के सदस्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस दौरान नगर पालिक निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणीग्रही ने भी पौधरोपण किया। किरण देव ने कहा कि शहर में आंध्र समाज के द्वारा बालाजी मंदिर के बाद अब दूसरा भव्य मंदिर का निर्माण किया



जा रहा है, इस शिवालय में देवों के देव भगवान महादेव के साथ अन्य ईष्ट देवी देवताओं की प्रतिमायें स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने कहा इस मंदिर के निर्माण से बस्तर में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, छत्तीसगढ़ और दूसरे राज्यो से आने वाले श्रद्धालुओ को ऐतिहासिक गंगामुंडा तालाब के किनारे द्रविड़ वास्तुशैली से बन रहे इस भव्य मंदिर में आंध्र प्रदेश के मंदिरों के तर्ज पर सुंदर कलाकृति देखने को मिलेगी, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं बस्तर जिला आंध्र समाज के अध्यक्ष जयंत नायडु ने कहा कि यह शिवालय पिछले एक वर्ष से निमार्णाधीन है 2026 में सावन के महीने में इस भव्य शिवालय के प्राण प्रतिष्ठा की योजना है । आंध्र समाज के साथ-साथ शहर के गणमान्य लोगों की ओर से मंदिर निर्माण में सहयोग मिल रहा है. साथ ही उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ से भी सनातन धर्म को मानने वाले भगवान महादेव के भक्तों से भी तन मन धन से मंदिर के निर्माण में सहयोग करने की अपील की है। पौध रोपण के दौरान आंध्र समाज के सचिव यशवर्धन राव, उपाध्यक्ष दिगंबर राव, इंटी अर्जून, कोषाध्यक्ष एल राजरत्नम, सह सचिव एल शिवा प्रसाद, संस्कृति सचिव पी. अशोक नायडू, क्रीड़ा सचिव डी. कोटेश्वर राव, मुख्य सलाहकार सुब्बा राव, ए. वीर राजु, रविभूषण राव, माधवी, चप्पा श्रीनिवास राव, के. कामेश, वसंत राव, कोंडविटी संतोष, जगदीश सोनी, आचारी सोनी, बी. गौतम राव, एम बालाजी नायडू, एस. राजेश राव, ईश्वर राव ,संतोष राव समेत समाज के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### नवग्रह की होगी पूजा

अध्यक्ष ने बताया कि इस मंदिर में नवग्रह की पूजा के साथ-साथ भगवान श्री गणेश, भगवान राम दरबार, माता लक्ष्मी, माता दुर्गा, माता सरस्वती, राधा कृष्ण, सत्यनारायण स्वामी, सुर्यदेव, और बजरंग बलि की प्रतिमायें स्थापित होंगी। उन्होंने बताया कि इस निमार्णाधीन भव्य मंदिर के आसपास हरियाली लाने पर्यावरणविद संपत झा के द्वारा टेंपल कमेंटी को नारियल, आंवला आदि फलदार एवं धार्मिक महत्त्व के पौधे भेंट किए गए है। इस मंदिर का वास्तुशिल्प तिरुमला देवस्थानम से जुड़े वास्तुविद पंडित बालभास्करण के द्वारा किया गया है, उनके द्वारा डिजाइन किया हुआ यह 216 वां मंदिर है।

# बस्तर के युवा उद्यमी प्रतिस्पर्धा में अपनी क्षमता के साथ बेहतरीन कारोबारी प्रथाओं को अपनाएंगे : प्रभाकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एमएसएमई समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगरनार स्टील लिमिटेड स्थानीय उद्योग को अपनी क्षमता का एहसास कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दोनों मिलकर बस्तर के कारोबारी परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। बस्तर के युवा उद्यमी अपनी क्षमता का एहसास तभी कर पाएंगे जब वे प्रतिस्पर्धी योजना जैसी बेहतरीन कारोबारी प्रथाओं को अपनाएंगे। नगरनार स्टील प्लांट के कार्यकारी निदेशक एमएनवीएस प्रभाकर ने होटल अविनाश में आयोजित एक समारोह में यह बात कही। उन्होंने जगदलपुर क्षेत्र में स्थित एमएसएमई उद्योगों के बीच



मैनेजमेंट प्रथाओं के कार्यान्वयन में मदद करने के लिए आयोजित समारोह में यह उदगार वयक्त किये।

नगरनार स्टील प्लांट के महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख रफीक अहमद जिनाबड़े ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 100 से अधिक उद्यमी मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद द्वारा एनएमडीसी स्टील लिमिटेड नगरनार और बस्तर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से किया गया था। ईडी ने व्यवसायी समुदाय को सरकार द्वारा शुरू की गई योजना का लाभ उठाने तथा समृद्ध होने और ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने के लिए संधारणीय प्रथाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे एनएमडीसी स्टील को संरचित और पेशेवर तरीके से गुणवत्तापूर्ण सामग्री और सेवाएं प्रदान करने के लिए खुद को और अधिक सुसज्जित करेंगे। उन्होंने कहा आज की पहल बस्तर में व्यापार करने के तरीके को बदलने में उल्लेखनीय साबित होगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जगदलपुर क्षेत्र में स्थित उद्योगों के बीच प्रबंधन प्रथाओं के कार्यान्वयन में मदद करना था।

नेशनल प्रोडक्टिविटी कौंसिल भुवनेश्वर के उप निदेशक रोशन कुजूर ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया और लीन योजना के मुख्य बिंदुओं को समझाया। उन्होंने उल्लेख किया कि कार्यक्रम को लीन विनिर्माण प्रथाओं को अपनाने में मदद करने के लिए संरचित किया गया है, जिसमें अपशिष्ट को कम करना, प्रक्रियाओं को अनुकूलित करना और ग्राहकों के लिए मूल्य को अधिकतम करना शामिल है। ये कारक दक्षता में सुधार, लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करते हैं।

बस्तर चैवर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने इस कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से बस्तर के उद्योगों को सर्वोत्तम व्यावसायिक प्रथाओं से परिचित कराने के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411